श्रीमती ममता राकेश 06.02.2018	13. क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वित्तीय वर्ष 2016–17 में प्रदेश में जिले वार कितने पंजीकृत श्रमिकों के उपयोगार्थ उत्तराखण्ड कर्मकार कल्याण बोर्ड के माध्यम से टूल किट वितरण हेतु शिविरों का आयोजन किया गया है? इन शिविरों में पंजीकृत श्रमिकों को टूल किट के अन्तर्गत किन–किन वस्तुओं का वितरण किया गया? वित्तीय वर्ष 2016–17 हेतु इन टूल किटों के वितरण में कुल कितनी धनराशि व्यय हुई है? क्या वित्तीय वर्ष 2017–18 हेतु पंजीकृत श्रमिकों के उपयोगार्थ उत्तराखण्ड कर्मकार कल्याण बोर्ड के माध्यम से कहां–कहां शिविर लगाये जाने की योजना है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	श्रम
श्रीमती ममता राकेश 06.02.2018	14. क्या आवास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार जनपद हरिद्वार के भगवानपुर क्षेत्र में ट्रान्सपोर्ट नगर बनाने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	आवास
श्री प्रदीप बत्रा 06.02.2018	15. क्या शहरी विकास मंत्री अवगत है कि रूड़की विधान सभा क्षेत्र में वर्तमान नगर निगम द्वारा सरकारी सम्पत्ति का दुरूपयोग कर निजी हाथों में बेचा जा रहा है? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि शासन स्तर पर इस हेतु कोई जॉच चल रही है? अगर हां, तो उसके क्या परिणाम है? अगर नहीं, तो क्यों?	शहरी विकास
श्री प्रदीप बत्रा 06.02.2018	16. **एक से अधिक विभाग होने के आधार पर निरस्त** क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि रूड़की विधान सभा क्षेत्र में कार्यदायी संस्थाओं से कराये जा रहे विकास कार्यों हेतु क्या नगर निगम की अनुमति की आवश्यकता पड़ती है? क्या इसके लिए सरकार द्वारा कोई शासनादेश जारी किया गया है और यदि किया गया है तो क्या मा0 मंत्री जी उसकी प्रति सदन के पटल पर रखेगें?	शहरी विकास
श्री प्रदीप बत्रा 06.02.2018	17. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि रूड़की विधान सभा क्षेत्र में मल्टीलेवल पार्किंग के निर्माण की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	शहरी विकास
श्री चन्दन राम दास 06.02.2018	18. क्या श्रम एवं सेवायोजन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा बागेश्वर के अन्तर्गत गरूड़ में किराये के भवन में संचालित आई0टी0आई0 के स्थाई भवन के निर्माण के लिए चयनित भूमि में भवन निर्माण पर क्या सरकार विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	श्रम एवं सेवायोजन

श्री चन्दन राम दास 06.02.2018	19.	(द्वितीय बुधवार के अतारांकित 03 में स्थानान्तरित) क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र बागेश्वर के अनतर्गत आई0टी0आई0 कटपुडियाछीना (काफलीगैर) के स्वीकृत भवन के निर्माण की क्या कोई कार्यवाही गतिमान है? क्या यह सत्य है कि निर्माण इकाई को लम्बे समय से धनराशि अवमुक्त होने के बाद भी भवन निर्माण की कार्यवाही नहीं होने के लिए कौन उत्तरदायी है? क्या सरकार तत्काल भवन निर्माण किये जाने की कार्यवाही करेगी? यदि हां, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों?	श्रम
श्री विशन सिंह चुफाल 06.02.2018	20.	क्या वन एवं पर्यावरण मंत्री अवगत है कि जनपद पिथौरागढ़ में राम गंगा नदी के केदारेश्वर श्मशान घाट के पास लकड़ी का टाल न होने से शव को जलाने हेतु लकड़ी बाहर से महंगी दरों पर खरीदी जाती है? क्या सरकार उक्त स्थान पर टाल स्वीकृत कराएगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	वन एवं पर्यावरण
श्री विशन सिंह चुफाल 06.02.2018	21.	क्या वन एवं पर्यावरण मंत्री अवगत है कि जनपद पिथौरागढ़ के जाड़ापानी से घनधूरा कफलानी सड़क गाडियों के लिए यातायात हेतु बन्द है? क्या सरकार जंगल में गिरी पड़ी हुई इमारती लकडियॉ लाने हेतु तथा पर्यटकों के आवागमन हेतु सड़क का निर्माण कराएगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	वन एवं पर्यावरण
श्री सुरेश राठौर 21.02.2018	22.	क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि उत्तराखण्ड प्रदेश में शहरी विकास विभाग के अन्तर्गत आने वाले स्थानीय/नगर निकायों में पशु चिकित्सा विभाग का ढॅाचा/नियमावली स्वीकृत है? यदि हां, तो विवरण सदन में प्रस्तुत करेगें? यदि नहीं, तो उक्त ढॅाचा अतिशीघ्र कब तक तैयार कर लिया जायेगा?	शहरी विकास
श्री सुरेश राठौर 06.02.2018	23.	क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड प्रदेश में जिलेवार प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के अन्तर्गत सही पात्रता रखने वाले लोगों की संख्या कितनी है क्या पात्र लोगों के आवास प्रदेश में जनपदवार निर्मित हो गये है? यदि हां, तो कितने आवास निर्मित या निर्माणाधीन हैं? यदि नहीं, तो क्यों?	शहरी विकास

श्री प्रीतम सिंह पंवार 07.02.2018	24. क्या वन मंत्री अवगत है कि देश में पायी जाने वाली पक्षी प्रजातियों में आधी से अधिक प्रजातियां उत्तराखण्ड में पायी जाती है? यदि हां, तो वह कौन–कौन सी प्रजातियां है?	वन
श्री प्रीतम सिंह पंवार 07.02.2018	25. क्या प्रशिक्षण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में जनपदवार राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कौन–कौन से है और इन संस्थानों में से कुल कितने संस्थान भवन विहीन है? ऐसे भवन विहीन राजकीय प्रशिक्षण संस्थानों में भवनों का निर्माण कब तक करा लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?	प्रशिक्षण
श्री प्रीतम सिंह पंवार 07.02.2018	26. क्या वन एवं पर्यावरण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कीड़ जड़ी (यारसा गम्बू) के संग्रहण व विपणन के लिए कोई नीति है? यदि हां, तो वह क्या है? यदि नहीं, तो क्यों?	वन एवं पर्यावरण
श्रीमती ऋतु खण्डूड़ी भूषण 07.02.2018	27. क्या शहरी विकास मंत्री अवगत है कि पौड़ी जिले के दुगड्डा, स्वर्गाश्रम लक्ष्मणझूला शहरी क्षेत्रों में कूडा निस्तारण की गंभीर समस्या है? यदि हां, तो इन दोनों नगर पंचायतों से प्राप्त प्रस्तावों पर सरकार क्या कार्यवाही करने की मंशा रखती है? क्या सरकार के स्तर पर शहरी क्षेत्रों के सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट और ऐसे सोलिडवेस्ट से खाद और ऊर्जा बनाने का कोई कार्यक्रम है? यदि हां, तो तत्सम्बन्धी जानकारी क्या है?	शहरी विकास
श्री पूरन सिंह फर्त्याल 07.02.2018	28. क्या आवास मंत्री अवगत है कि लोहाघाट नगर की भूमि को फ्रीहोल्ड करने के लिए धनराशि जमा करायी गयी है? क्या नगरवासियों को भूमि का मालिकाना हक दे दिया गया है? यदि नहीं, तो क्या सरकार लोहाघाट नगरवासियों को उनकी भूमि का मालिकाना हक देगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	आवास
श्री पूरन सिंह फर्त्याल 07.02.2018	29. क्या श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अवगत है कि जनपद चम्पावत के अन्तर्गत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खेतीखान के भवन निर्माण की मांग लम्बे समय से की जा रही है जिसकी डी0पी0आर0 की वित्तीय स्वीकृति शासन के द्वारा अभी तक नहीं दी गई है? क्या सरकार आई0टी0आई0 खेतीखान के भवन निर्माण हेतु वित्तीय स्वीकृति प्रदान करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	श्रम एवं सेवायोजन

श्री सुरेश राठौर 07.02.2018	30. क्या नगर विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि नगर निगम हरिद्वार में ज्वालापुर में अवैध बूचड़खाने चल रहे है? यदि हां, तो अब तक उन पर की गई कार्यवाही से अवगत कराया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?	नगर विकास
श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 08.02.2018	31. क्या वन मंत्री अवगत है कि अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा में इन्हलू नामक गांव के लोगों को वन विभाग द्वारा 'गौच' नामक मछली के शिकार के कारण अभियुक्त बनाया गया है जिस कारण गांव के सीधे सादे लोगों को जेल जाना पड़ा? क्या मंत्री इस बात से अवगत है कि पर्वतीय जिलों की नदियों से स्थानीय जनता मछली पकड़ने का कार्य अपने भोजन हेतु काफी वर्षों से कर रहे है? यदि हां, तो सरकार द्वारा गोच मछली को संरक्षित प्रजाति की श्रेणी में कब से रखा गया और क्या इसकी कोई सूचना नदी किनारे या सार्वजनिक स्थानों पर लगाई गयी थी? यदि नहीं, तो क्या सरकार जानकारी के अभाव के कारण सीधे–सीधे गांव के लोगों को अनजाने में किए गऐ कार्य के लिये दोषमुक्त करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	वन
श्री सुरेश राठौर 08.02.2018	32 शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या देहरादून, रूड़की, हरिद्वार, काशीपुर, रूद्रपुर एवं हल्द्वानी शहरों में संबंधित नगर निगमों द्वारा शापिंग माल व व्यवसायिक भवनों का निर्माण कराया जा रहा है? यदि हां, तो कितने शापिंग माल व व्यवसायिक भवनों का निर्माण किया जा चुका है एवं कितने निर्माणाधीन है व उक्त निर्मित भवनों के आवंटन में आरक्षण नीति का अनुपालन किया गया है या नहीं? यदि नहीं, तो संबंधित नगर निगमों द्वारा शांपिग माल एवं व्यवसायिक भवनों के निर्माणोपरान्त आवंटन हेतु उचित आरक्षण नीति का अनुपालन किया जायागा?	शहरी विकास
श्री फुरकान अहमद 08.02.2018	33. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के पिरान कलियर के पाडली गुजर तेलीवाला पाइप लाइन का अमृत योजना के अन्तर्गत बजट एवं टेन्डर का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है? क्या यह सत्य है कि उक्त कार्य रोक दिया गया है? यदि हां, तो इसके क्या कारण है? यदि नहीं, तो क्यों?	शहरी विकास
श्री देशराज कर्णवाल 09.02.2018	34. क्या सेवायोजन मंत्री अवगत है कि उत्तराखण्ड के सेवायोजन कार्यालयों में दर्ज शिक्षित बेरोजगारों को राज्य 09 नवम्बर 2012 से प्रवृत्त रोजगार सह कौशल विकास भत्ता दिया जाना तय था? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त योजना के प्रारंभ होने	सेवायोजन

के बाद से अब तक जनपदवार कितने शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार सह कौशल विकास भत्ता प्रदान किया जा चुका है? इनमें से हरिद्वार जिले में कितने लाभार्थी है? यदि नहीं, तो क्यों?

श्री धन सिंह नेगी 09.02.2018	35. क्या आवास मंत्री अवगत है कि नगर क्षेत्रों में नक्शा पास करने के लिए निहित प्राधिकारी के पद स्वीकृत है? यदि हां, तो क्या मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि टिहरी विधान सभा के अन्तर्गत नई टिहरी नगर पालिका क्षेत्र में निहित प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र के लिए कोई कर्मी तैनात है? यदि नहीं, तो क्यों?	आवास
श्री धन सिंह नेगी 09.02.2018	36. क्या आयुष मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड राज्य में जड़ीबूटी के दोहन के लिए सरकार की कोई योजना विद्यमान है? यदि हां, तो क्या मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश सरकार अपने यहां आयुष फैक्ट्रियों में आवश्यकता के अनुसार जड़ीबूटी देने के लिए किस प्रक्रिया का अनुपालन कर रही है? क्या सरकार दोहन की जाने वाली जड़ीबूटी का समर्थन मूल्य घोषित करती है? यदि नहीं, तो क्यों?	आयुष
श्री धन सिंह नेगी 09.02.2018	37. **एक से अधिक विभाग होने के आधार पर निरस्त।** क्या नगर विकास मंत्री अवगत है कि नगर क्षेत्रों की प्रशासनिक समस्याओं के समाधान हेतु विनियमित क्षेत्र नियत प्राधिकारी के पद का प्राविधान है? यदि हां, तो क्या मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि टिहरी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत नई टिहरी नगर के लिए नियत प्राधिकारी के पद हेतु सरकार ने अभी तक क्या कार्यवाही की है? यदि नहीं, तो क्यों?	नगर विकास
श्रीमती ममता राकेश 09.02.2018	38. क्या पर्यावरण मंत्री अवगत है कि जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में बड़ी–बड़ी राष्ट्रीय कंपनियों द्वारा नदियों में प्रदूषण फैलाया जा रहा है जिसके कारण पेयजल का पानी दूषित हो रहा है? क्या सरकार इस हेतु सम्बन्धित कंपनियों के खिलाफ कार्यवाही करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	पर्यावरण
श्री महेन्द्र भट्ट 09.02.2018	39. क्या प्रशिक्षण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकास खण्ड पोखरी के जिलासू में आई0टी0आई0 खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है? यदि नहीं, तो क्यों?	प्रशिक्षण
श्री कैलाश चन्द्र गहतोड़ी 12.02.2018	40. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि चम्पावत जिले की चम्पावत विधान सभा के टनकपुर में आधुनिक शौचायलय की स्वीकृति कब की गयी थी और उसके लिए कितनी धनराशि स्वीकृत थी? वर्तमान समय तक कितनी धनराशि उक्त के सापेक्ष व्यय की जा	

	चुकी है और कितना कार्य शेष है? क्या सरकार जनहित में शीघ्र इसका निर्माण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	शहरी विकास
श्री कैलाश चन्द्र गहतोड़ी 12.02.2018	41. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि चम्पावत जिले की चम्पावत विधान सभा के चम्पावत नगर में पार्किंग के लिए व टनकपुर नगर में पार्किग के लिए स्वीकृति कब की गयी थी और उसके लिए कितनी धनराशि स्वीकृत थी? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेगें कि वर्तमान समय तक कितनी धनराशि उक्त कार्य हेतु व्यय की जा चुकी है और कितना कार्य शेष है? क्या सरकार जनहित में शीघ्र इसका निर्माण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	शहरी विकास
श्री विनोद कण्डारी 12.02.2018	42. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि विधान सभा देवप्रयाग के कीर्तिनगर व देवप्रयाग शहर में पार्किग की समस्या के समाधान हेतु सरकार क्या कोई कार्य कर रही है व कब तक उपरोक्त शहरों में पार्किग व्यवस्था हो जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?	शहरी विकास
श्री गणेश जोशी 12.02.2018	43 क्या नगर विकास मंत्री अवगत है कि वर्ष 2017–18 में राज्य की नगर पंचायतें, नगरपालिकाओं एवं नगर निगमों को अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु धनराशि अवमुक्त की गयी है? यदि हां, तो किस–किस मद से कितनी धनराशि प्रत्येक निकाय को स्वीकृत की गयी है? क्या धनराशि आवंटन में भौगोलिक विषमता एवं जनसंख्या के अनुपात को आधार बनाया गया है? यदि नहीं, तो क्यों?	नगर विकास
श्री सुरेश राठौर 12.02.2018	44 श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि क्या उत्तराखण्ड प्रदेश के सभी जनपदों में स्थापित उद्योगों द्वारा श्रम कानूनों का पालन किया जा रहा है? यदि नहीं, तो क्या उन पर की गई कार्यवाही वर्ष 2012–2018 तक से अवगत करायेगें?	श्रम
श्री प्रीतम सिंह पंवार 14.02.2018	45. क्या प्रशिक्षण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2017–18 में प्रशिक्षण विभाग अनुदान संख्या–16 (4216–07), (4216–03) अनुदान संख्या 30 व 31 में किन–किन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के भवनों का निर्माण प्रस्तावित किया गया है? क्या सरकार दूरस्थ व अधिक प्रशिक्षु संख्या को भवन निर्माण का मानक बनायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?	प्रशिक्षण

श्री प्रीतम सिंह पंवार 14.02.2018	46. क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में श्रमिकों के हित में श्रम प्रवर्तन कार्य के सुदृढीकरण एवं विकेन्द्रीकरण हेतु जनपदों में श्रम कार्यालय स्थापित है? क्या वर्ष 2015–16 व 2016–17 में बंधुवा श्रमिकों का सर्वेक्षण व चिन्हीकरण कार्य करवाया गया था? यदि हां, तो उक्तावधि में जनपदवार बंधुवा श्रमिकों की संख्या क्या है?यदि नहीं, तो क्यों?	**श्रम**
श्री देशराज कर्णवाल 14.02.2018	47. क्या कौशल विकास एवं सेवायोजन मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि प्रदेश में कुल कितनी आई0टी0आई0 स्थापित है तथा उनमें से कितनी आई0टी0आई0 किराये के भवन में है तथा इनके अपने भवन निर्माण हेतु सरकार की कोई योजना प्रस्तावित है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों?	**कौशल विकास एवं सेवायोजन**
श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 14.02.2018	48. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उनके विभाग द्वारा पर्वतीय जिलों की नदी से मछली पकड़ने पर कोई रोक या प्रतिबन्ध लगाया गया है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि प्रतिबन्ध किन–किन प्रजातियों पर कब से पर्वतीय जिलों की नदियों पर लगाया गया है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि इस हेतु विभाग द्वारा नदियों के किनारे या सार्वजनिक स्थानों पर इस जानकारी का कोई सूचना पट्ट लगाया गया च09८ इइइददइद है ताकि क्षेत्रीय जनता नदियों से मछलियों का शिकार न करे? यदि हां, तो ऐसे कितने स्थानों पर सूचना लगाई गई है एवं उनका विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों?	**वन**
श्री दलीप सिंह रावत 14.02.2018	49. क्या पर्यावरण मंत्री अवगत कराने का कष्ट करेगें कि जनपद पौड़ी के लैसडौन तहसील के अन्तर्गत बन रहे व्यवसायी प्रतिठानों/होटलों में पर्यावरण नियमों का पालन किया जा रहा है? यदि नहीं, तो उक्त प्रतिठानों/होटलों द्वारा की जा रही गन्दगी/कूड़ा निस्तारण न किये जाने पर कोई ठोस कार्यवाही की जायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	**पर्यावरण**
श्री चन्दन राम दास 14.02.2018	50. **स्थगित।** ''क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि नगरपालिका बागेश्वर में विगत 4 वर्षों में कुल कितनी धनराशि राज्य वित्त 13 वें व 14 वें से स्वीकृत हुई है? तद् संबंधित वर्ष वार पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेगें? क्या मंत्री यह भी अवगत कराने का कष्ट करेगें कि राज्य वित्त से विगत 4 वर्षों में वर्ष 2014–15, 2015–16, 2016–17 व वर्ष 2017–18 में कौन–कौन से कार्य कराये गये हैं, कार्य का नाम व धनराशि का सम्पूर्ण विवरण प्रस्तुत करेगें? यदि नहीं, तो क्यों? ''	**शहरी विकास**

श्री सुरेश राठौर 14.02.2018	51. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि विधान सभा ज्वालापुर में स्थित ग्राम बंदुरजुड से ग्राम बुग्गावाला पुल तक वन विभाग के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र में लगभग 1.5 कि0मी0 सड़क बनवाने के संबंध में कोई प्रस्ताव विचाराधीन है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी उक्त प्रस्ताव को सदन के पटल पर रखेगें? यदि नहीं, तो क्यों?	वन
श्री हरभजन सिंह चीमा 14.02.2018	52. क्या शहरी विकास मंत्री अवगत है कि काशीपुर शहर की लक्ष्मीपुर माईनर नहर जो शहर के बीचोंबीच होकर ढेला नदी में मिलती है, के पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त होने के कारण प्रतिवर्ष बरसात के मौसम में अतिबृष्टि के कारण शहर में भारी मात्रा में जलभराव हो जाता है और शहर के व्यापारियों को प्रतिवर्ष करोड़ों रूपयों की हांनि उठानी पड़ती है? यदि हां तो क्या सरकार द्वारा इस नहर के पुर्ननिर्माण हेतु कोई कार्य योजना बनाई गई है? यदि हां, तो उसका स्वरूप क्या है? क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेगें कि बरसात से पूर्व इस नहर का पुर्ननिर्माण कार्य पूरा कर लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?	शहरी विकास
श्री धन सिंह नेगी 15.02.2018	53. क्या आयुष मंत्री अवगत है कि प्रदेश स्तर पर होम्योपैथिक चिकित्सकों के पद , प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, जिला अस्पताल में सृजित है? यदि हां, तो क्या मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश स्तर पर नियुक्त किए गये होम्योपैथिक चिकित्सकों का जिलेवार विवरण क्या है? क्या यह भी सत्य है कि सरकार आयुर्वेद की तर्ज पर ''आयुष विग'' की तरह प्रत्येक स्वास्थ्य केन्द्र पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत संविदा/मानदेय पर होम्योपैथिक चिकित्सकों की नियुक्ति करने पर विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों?	आयुष
श्री देशराज कर्णवाल 15.02.2018	54 क्या शहरी विकास मंत्री अवगत है कि उत्तराखण्ड प्रदेश में कुल कितनी मलिन बस्तियां है? क्या मंत्री जी यह भी अवगत है कि मलिन बस्तियों के नियमितिकरण हेतु पूर्व सरकार द्वारा कैबिनेट में भी प्रस्ताव लाया गया था? यदि हां, तो मलिन बस्तियों को नियमितिकरण हेतु सरकार द्वारा कोई ठोस नीति बनाई जा रही है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों?	शहरी विकास
श्री चन्दन राम दास 15.02.2018	55 क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि बागेश्वर जनपद में पशुओं द्वारा कुल कितनी जनहानि हुई है, तथा कुल कितने लोग घायल हुए है? क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेगें कि जनपद बागेश्वर में कुल कितनी धनराशि वितरण हेतु अवमुक्त हुई है, तथा कुल कितनी धनराशि की अभी जनपद को आवश्यकता है? तत् संबंधित	वन

का सम्पूर्ण विवरण प्रस्तुत करेगें? यदि नहीं, तो क्यों?

श्री दलीप सिंह रावत 15.02.2018	56 क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि कार्बेट नेशनल पार्क के अन्तर्गत कालागढ़ वन प्रभाग के द्वारा कुल कितने द्वार पर्यटकों हेतु खोले गये है? क्या मंत्री इस बात से भी अवगत करायेगें, मैदा वन से दुर्गा देवी मार्ग तक पर्यटकों हेतु खोला जायेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	वन
श्री दलीप सिंह रावत 15.02.2018	57 वन मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि क्या कार्बेट नेशनल पार्क के अन्तर्गत सेन्चुरी क्षेत्र में सड़क निर्माण में जे0सी0बी0/पाकलैण्ड जैसी मशीनों के प्रयोग की अनुमति है? यदि नहीं, तो इसके उपयोग करने वाले अधिकारियों पर कोई ठोस कार्यवाही की जायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	वन
श्री देशराज कर्णवाल 16.02.2018	58 क्या वन मंत्री अवगत है कि राज्य के वन क्षेत्रों में गर्मी के मौसम में आग लगने के कारण पर्यावरण, वन्य जीव जन्तुओं तथा वन सम्पदा को क्षति पहुॅचती है? इस भीषण अग्निकाण्ड में आग बुझाने से कितने लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी? हरिद्वार जनपद में अब तक कितने प्रकरण दर्ज है और उन पर क्या कार्यवाही की गई है? जंगलों में प्रतिवर्ष लगने वाली आग को रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या प्रभावी कदम उठाये गये है? यदि नहीं, तो क्यों?	वन
श्रीमती ममता राकेश 16.02.2018	59. क्या कौशल विकास एवं सेवायोजन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2017–18 तक प्रदेश में कुल कितने पंजीकृत बेरोजगार है एवं उनकी संख्या जनपदवार कितनी है, क्या सरकार उक्त से सम्बन्धित सम्पूर्ण विवरण देगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	कौशल विकास एवं सेवायोजन
श्री महेन्द्र भट्ट 19.02.2018	60. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि भेड़ पालक जो कि पीढ़ियों से शीतकालीन मुॅह चुगान हेतु रामनगर वन प्रभाग से अनुमति लेते हुए चुगान कराते थे, उन्हें वर्ष 2016–17 में चुगान की स्वीकृति न दिए जाने के क्या कारण है? क्या सरकार इन्हें पुनः अनुमति देने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?	वन

श्री देशराज कर्णवाल 19.02.2018	61. विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त। सेवायोजन मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि प्रदेश में बी0एड0, बी0पी0एड0 तथा टी0ई0टी0 उत्तीर्ण/प्रशिक्षित बेरोजगारों की संख्या क्या है? क्या मंत्री जी बतायेगें कि ऐसे प्रशिक्षित बेरोजगारों को रोजगार कब तक उपलब्ध करा दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?	सेवायोजन
श्री देशराज कर्णवाल 20.02.2018	62. क्या सेवायोजन मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि प्रदेश में जनपदवार प्रशिक्षित एवं अप्रशिक्षित बेरोजगारों की संख्या कितनी है? अब तक सरकार द्वारा लगाये जा रहे बेरोजगार मेलों में कितने बेरोजगार युवाओं को नौकरी मिली है? क्या सरकार इन प्रशिक्षित एवं अप्रशिक्षित बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए ठोस व प्रभावी कार्ययोजना बनाने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	सेवायोजन
श्री यतीश्वरानन्द 20.02.2018	63. क्या वन मंत्री अवगत है कि विधान सभा क्षेत्र हरिद्वार ग्रामीण के ग्राम मिस्सरपुर, पंजनहेड़ी, कटारपुर, चॉदपुर, फेरूपुर, रानी माजरा, शाहपुर, भोगपुर, तिलकपुरी आदि ग्रामों में जंगली जानवरों में मुख्यतः हाथी और नील गाय किसानों की फसलों को मुख्यतः रात में रौंदते है, जिससे फसलें पूरी तरह नष्ट हो जाती है, जिस कारण किसानों के लिए आर्थिक संकट पैदा हो जाता है? क्या सरकार उक्त सभी ग्रामों में सुरक्षा दीवार का प्रबन्ध कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	वन
श्री सुरेश राठौर 20.02.2018	64. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि उत्तराखण्ड प्रदेश के स्थानीय नगर निकायों द्वारा संचालित किये जा रहे कांजी हाउस हेतु बजट आवंटन (वर्ष 2017–18) किया गया है? यदि हां, तो क्या विवरण सदन में प्रस्तुत करेगें? यदि नहीं, तो क्यों?	शहरी विकास
श्री सुरेश राठौर 20.02.2018	65. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि उत्तराखण्ड प्रदेश में वन विभाग में पशु चिकित्सा अधिकारियों के पद सृजित है? यदि हां, तो तदनुसार विभिन्न नियुक्ति अधिकारियों का विवरण सदन में प्रस्तुत करेगें? यदि नहीं, तो क्यों? क्या मंत्री जी यह बताऐगें कि उक्त के संबंध में ढांचा/नियमावली स्वीकृत है? यदि हां, तो विवरण सदन में प्रस्तुत करेगें? यदि नहीं, तो क्यों?	वन
श्री पूरन सिंह फर्त्याल 20.02.2018	66. क्या वन मंत्री अवगत है कि नगर पंचायत लोहाघाट, नगरपालिका क्षेत्र के अन्तर्गत प्राकृतिक रूप से गिरे देवदार के वृक्षों को काटकर नीलामी किये जाने हेतु अधिकृत है? यदि हां, तो तद्संबंधी शासनादेश क्या है? क्या नगरपालिका को वृक्षों के पातन का अधिकार है?	वन

श्री पूरन सिंह फर्त्याल 20.02.2018	67. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि नगरपंचायत लोहाघाट के अधीन नगर पंचायत द्वारा बेनाप भूमि में खड़े क्षतिग्रस्त पेड़ों की नीलामी की गयी है और इस नीलामी से प्राप्त धनराशि क्या राज्य सरकार के संबंधित खाते में जमा है? यदि हां, तो तद्संबंधी ब्यौरा क्या है? यदि नहीं, तो क्यों?	वन
श्री पूरन सिंह फर्त्याल 20.02.2018	68. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पी0एम0जी0एस0वाई0) के अन्तर्गत रीठाटूकोण एवं टाकखण्डक बालातड़ी सड़क मार्ग जिसके निर्माण हेतु डी0पी0आर0 स्वीकृत है, को वन विभाग द्वारा लम्बे समय से फॉरेस्ट क्लीयरेंस न मिल पाने के कारण उपरोक्त दोनों सड़कों का निर्माण कार्य रूका हुआ है? क्या उक्त दोनों सड़कों के निर्माण हेतु फॉरेस्ट क्लीयरेंस का कार्य पूर्ण कराया जायेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	वन
श्री पूरन सिंह फर्त्याल 20.02.2018	69. क्या वन मंत्री अवगत है कि नगरपालिका लोहाघाट क्षेत्रान्तर्गत प्राकृतिक रूप से गिरे देवदार के वृक्षों को काटकर उन वृक्षों की अवैध नीलामी की गयी है? यदि हां, तो वन विभाग द्वारा संबंधित के विरूद्ध क्या कार्यवाही की गयी है? यदि नहीं, तो क्यों?	वन
श्री सुरेश राठौर 21.02.2018	70. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि उत्तराखण्ड प्रदेश के स्थानीय/नगर निकायों के क्षेत्रों में आवारा विचरण करने वाले पशुओं से नागरिकों को हाने वाली समस्या से निजात दिलाने हेतु कोई ठोस योजना है? यदि हां, तो उसका विवरण सदन में रखेगें? यदि नहीं, तो क्यों? भविष्य में अतिशीघ्र ही इस हेतु क्या कदम उठाये जायेगें?	शहरी विकास
श्री देशराज कर्णवाल 21.02.2018	71. क्या पर्यावरण मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि प्रदेश में स्थापित उद्योगों के पर्यावरणीय मानकों की समय–समय पर जॉच हेतु सरकार की कोई नीति है अथवा नहीं? यदि हां, तो हरिद्वार की कितनी फैक्ट्रियों की जॉच की गई है तथा क्या कार्यवाही की गई है? यदि नहीं, तो क्यों?	पर्यावरण
श्री प्रीतम सिंह पंवार 21.02.2018	72. क्या प्रशिक्षण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रधानाचार्य, व्याख्याता के कुल कितने पद स्वीकृत है? स्वीकृत पदो के सापेक्ष कुल कितने पद रिक्त चल रहे है? रिक्त पदों पर कब तक तैनाती की जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?	प्रशिक्षण

श्री प्रीतम सिंह पंवार 21.02.2018	73. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में वानस्पतिक विविधता की कौन–कौन सी प्रजातियां है? इनमें से दुर्लभ एवं संकटग्रस्त प्रजातियां कौन–कौन है? क्या सरकार दुर्लभ एवं संकटग्रस्त प्रजातियों के संरक्षण एवं सम्बर्द्धन के लिए कोई कार्ययोजना तैयार कर रही है? यदि हां, तो वह क्या है? यदि नहीं, तो क्यों?	वन
श्री प्रीतम सिंह पंवार 21.02.2018	74. क्या वन मंत्री अवगत है कि राज्य में 12168 वन पंचायतें गठित है, जिनके अधीन 7333.95 वर्ग किमी. क्षेत्रफल आता है? क्या यह सत्य है कि प्रबन्धन हेतु वन विभाग की ओर से अब तक कोई व्यवस्था नहीं की गई, जिस कारण वन पंचायतों के गठन का उद्देश्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है? क्या सरकार वन पंचायतों के सशक्तिकरण हेतु प्रभावी कार्यवाही करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	वन
श्री प्रीतम सिंह पंवार 21.02.2018	75. क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में श्रमिकों व नियोजकों के मध्य वर्ष 2015–16 व वर्ष 2016–17 में उत्पन्न कुल कितने विवाद विविध औद्योगिक न्यायाधिकरणों तथा श्रम न्यायालयों में कब से निस्तारण हेतु लम्बित अथवा विचाराधीन है? इन लम्बित व विचाराधीन वादों का कब तक निस्तारण व निपटारा करा लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?	श्रम
श्री देशराज कर्णवाल 22.02.2018	76. क्या वन एवं पर्यावरण मंत्री अवगत है कि जनपद हरिद्वार का वन क्षेत्र बढ़ती आबादी तथा उद्योगों एवं ईट भट्टों के प्रदूषण से लगातार कम हो रहा है इन कारणों को दृष्टिगत रखते हुए क्या सरकार वन क्षेत्र संरक्षण के लिए कुछ विशेष कदम उठाने की योजना रखती है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों?	वन एवं पर्यावरण
श्री धन सिंह नेगी 22.02.2018	77. क्या श्रम मंत्री अवगत है कि राज्य में कार्यरत विभिन्न कम्पनियां अपने कर्मचारियों का भविष्य निधि (ई0पी0एफ0) जमा करवाती है? यदि हां, तो क्या मंत्री राज्य में कार्यरत कम्पनियों द्वारा ई0पी0एफ0 भविष्य निधि कोष में धनराशि नियमित जमा करवाने का विवरण उपलब्ध कराने का कष्ट करेगें? यदि नहीं, तो क्यों?	श्रम
श्री महेन्द्र भट्ट 22.02.2018	78. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत जनपद चमोली के दूरस्थ क्षेत्र जोशीमठ की सड़क हेलंग–उर्गम से किमाणा, डुमक मोटर मार्ग वन स्वीकृति के लिए विचाराधीन है? यदि हां, तो उक्त मार्ग की वन स्वीकृति कब तक प्रदान कर दी जाएगी? यदि नहीं, तो क्यों?	वन
श्री महेन्द्र भट्ट 22.02.2018	79 क्या आयुष मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के जड़ी–बूटी शोध एवं विकास संस्थान मण्डल (गोपेश्वर) में चिकित्सकीय संकाय फैकल्टी न खोले जाने के क्या कारण रहे? क्या मुख्यमंत्री यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त के स्थान पर सरकार उक्त संस्थान	आयुष

में बी0ए0एम0एस0 संस्थान के रूप में संचालित करने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

श्री प्रीतम सिंह पंवार 22.02.2018	80 क्या वन एवं पर्यावरण मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि राज्य में वन्यजीवों से 2016–17 में मारे गये पालतू पशुओं की जनपदवार संख्या क्या है? क्या मंत्री बतायेगें कि वर्ष 2016–17 में ऐसे प्रकरणों पर विभाग द्वारा भुगतान किये जाने वाली अनुतोष की धनराशि का भुगतान प्रभावितों को कराया जा चुका है? क्या मंत्री यह भी बतायेगें कि विभाग द्वारा दिए जाने वाले वर्तमान अनुतोष राशि काफी कम है? क्या सरकार ऐसे में प्रतिकर अथवा अनुतोष की राशि को बढ़ाये जाने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	वन एवं पर्यावरण
श्री प्रीतम सिंह पंवार 22.02.2018	81 क्या वन एवं पर्यावरण मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि पर्यावरण एवं जैव विविधता को बनाये रखने की दिशा में वनों के अन्तर्गत चीड़ की पत्तियों (पिरूल) तथा लैण्टाना गाजर घास आदि से जलौनी लकड़ी के विकल्प के रूप में वृक्ष इत्यादि विकसित कर जनता की आवश्यकता के अनुसार ईधन की आपूर्ति, वनाग्नि को कम करने तथा स्थानीय जनता को संग्रहण कार्य में लगाकर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जाने की योजना पर कार्य किया जा रहा है? यदि हां, तो अब तक कुल कितना कार्य हुए है और कितने लोग इस योजना से लाभान्वित हुए है? यदि नहीं, तो क्यों?	वन एवं पर्यावरण
श्री आदेश चौहान 22.02.2018	82 क्या श्रम मंत्री अवगत है कि सिडकुल हरिद्वार के उद्यमी एवं श्रमिक लम्बे समय से ई0एस0आई0सी0 अस्पताल बनाये जाने की मांग कर रहे है, किन्तु स्वीकृति के बावजूद भी अभी तक इस अस्पताल का निर्माण नहीं हुआ है? यदि हां, तो क्या सरकार इस अस्पताल का निर्माण कराने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	श्रम
श्री आदेश चौहान 22.02.2018	83 क्या वन मंत्री अवगत है कि 26–बी0एच0ई0एल0 रानीपुर विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत सुभाषनगर, ज्वालापुर, शिवालिक नगर में पिछले दिनों से बन्दरों का भारी आतंक है तथा बन्दरों के हमले की बहुत घटनायें घट रही है? यदि हां, तो क्या उक्त स्थानों से बन्दरों को पकड़ कर कही बाहर जंगल में भेजने या बन्दरों में बधियाकरण की कोई योजना बना रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	वन
श्री महेन्द्र भट्ट 23.02.2018	84. क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि श्रम विभाग द्वारा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों का पंजीयन जिला स्तर पर करने की व्यवस्था थी? यदि हां, तो जनपद चमोली में श्रमिकों का पंजीयन किन कारणों से बंद कर दिया गया है? क्या सरकार उक्त पंजीयन को जिला एवं विकास खण्ड स्तर पर विचार कर रही है? यदि नहीं, तो	श्रम

क्यों?

श्री महेन्द्र भट्ट
23.02.2018

85. क्या नगर विकास मंत्री अवगत है कि जनपद चमोली विकास खण्ड पोखरी के अन्तर्गत नगर पंचायत पोखरी में कार्यरत पर्यावरण मित्र मात्र 7500/– प्रतिमाह की दर से वेतन दिया जाता है? यदि हां, तो क्या सरकार इन पर्यावरण मित्रों को अन्य निकायों की तरह सुविधाऐं देने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

नगर विकास

श्री महेन्द्र भट्ट
23.02.2018

86. क्या प्रशिक्षण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि आई0टी0आई0 पोखरी (चमोली) के भवन निर्माण का कार्य हेतु कुल कितनी धनराशि की स्वीकृति प्रदान की गयी है? क्या भवन निर्माण का कार्य निर्माण एजेन्सी द्वारा पूर्ण कर दिया गया है? यदि नहीं तो क्यों? क्या सरकार द्वारा निर्माण एजेन्सी पर कार्यवाही की जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

प्रशिक्षण

श्री देशराज कर्णवाल
23.02.2018

87. **द्वितीय बुधवार के अतारांकित 25 में स्थानान्तरित।**

''क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि प्रदेश में स्थापित राजकीय आई0टी0आई0 में स्वीकृत पदों के सापेक्ष कार्यरत कर्मचारियों में एस0सी0एस0टी0 एवं ओ0बी0सी0 वर्ग का कोटा नियमानुसार पूर्ण है? यदि नहीं, तो क्यों?''

श्रम

श्री देशराज कर्णवाल
23.02.2018

88. क्या आवास मंत्री अवगत है कि जनपद हरिद्वार के ग्रामीण क्षेत्रों में भी विनियमित क्षेत्र में सम्मिलित कर लिया गया है? क्या सरकार ग्रामीणों की कमजोर आर्थिक स्थिति के मद्देनजर ग्रामीण क्षेत्रों को विकास शुल्क से मुक्त करने पर विचार कर रही है अथवा नहीं, यदि नहीं, तो क्यों?

आवास

श्री आदेश चौहान
23.02.2018

89. क्या श्रम मंत्री अवगत है कि उत्तराखण्ड का अपना न्यूनतम मजदूरी अधिनियम अभी तक नहीं बना है एवं अभी तक उत्तर प्रदेश के एक्ट के अनुसार ही श्रमिकों को वेतन दिया जाता है? यदि हां, तो क्या सरकार अपना श्रमिक न्यूनतम वेतन एक्ट बनाने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

श्रम

श्री आदेश चौहान 23.02.2018	90. क्या शहरी विकास मंत्री अवगत है कि कुम्भ मेला क्षेत्र हरिद्वार के क्षेत्र से पूर्व में ज्वालापुर, जगजीतपुर, सीतापुर, बी0एच0ई0एल0 शिवालिकनगर, बहादराबाद को निकाल दिया गया है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त क्षेत्र को पुनः कुम्भ मेला क्षेत्र हरिद्वार में शामिल करने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	शहरी विकास
श्री देशराज कर्णवाल 26.02.2018	91. **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।** ''क्या प्रशिक्षण मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि प्रदेश की समस्त आई0टी0आई0 से प्रतिवर्ष कितने छात्र अपना प्रशिक्षण पूर्ण करके निकलते है तथा उनमें से कितने छात्रों को रोजगार मिलता है? क्या सरकार आई0टी0आई0 प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को रोजगार सुनिश्चित करने की कोई योजना बना रही है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों?''	प्रशिक्षण
श्री महेन्द्र भट्ट 26.02.2018	92. क्या प्रशिक्षण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे जनपद चमोली के विकास खण्ड पोखरी के जिलासू में नई आई0टी0आई0 खोलने का शासनादेश जारी कर दिया गया है? यदि हां, तो वर्तमान में आई0टी0आई0 का संचालन किस स्थान पर हो रहा है तथा कुल कितने छात्रों ने प्रवेश लिया है? यदि नहीं, तो क्यों?	प्रशिक्षण
श्री राजकुमार 27.02.2018	93. क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि अभी तक श्रम विभाग द्वारा कौन–कौन सी योजनाऐं कुशल व अकुशल श्रमिकों के लिए चलाई जा रही है और किन–किन विधान सभाओं को इसका लाभ मिला है?क्या पुरोला विधान सभा इसमें शामिल है? यदि हां, तो उन श्रमिकों को दिये जाने वाले लाभों की वर्तमान स्थिति क्या है? क्या मनरेगा श्रमिक इसके अन्तर्गत आते है? यदि हां, तो इनको अभी तक क्या–क्या लाभ मिला है?	श्रम
श्री देशराज कर्णवाल 27.02.2018	94. **चतुर्थ सोमवार के अता0 54 में स्थानान्तरित।** ''क्या आवास मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि जनपद हरिद्वार के ग्रामीण क्षेत्र में कितने आवासहीन परिवार है तथा झबरेड़ा विधान सभा क्षेत्र में कितने आवासहीन परिवार है? क्या सरकार की इन आवासहीन परिवारों को आवास देने की कोई योजना है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों?''	आवास

श्री सुरेन्द्र सिंह नेगी **06.02.2018**	95. कौशल विकास एवं सेवायोजन मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि क्या कर्णप्रयाग विधान सभा के अन्तर्गत नैनीसैंण में आई0टी0आई0 संस्थान की स्वीकृति प्रदान की गई है? यदि हां, तो उक्त आई0टी0आई0 की स्थापना कब और किस शासनादेश द्वारा की गई है तथा इसके लिए कितना बजट स्वीकृत किया गया है? यदि हां, तो इस पर कब से कार्य प्रारम्भ कराया जायेगा तथा कितने कार्मिकों के पद स्वीकृत किये गये है व इसके पठन–पाठन कार्य किस सत्र से प्रारम्भ किया जाऐगा? यदि हां, तो भवन निर्माण होने तक क्या पठन–पाठन कार्य किराये के भवन पर किराये जाने की सम्भावना है?	**कौशल विकास एवं सेवायोजन**

नत्थी "ग"

श्री राज्यपाल के अभिभाषण के लिए धन्यवाद प्रस्ताव में संशोधन।

क्र.सं.	प्रस्तावक का नाम	संशोधन का रुप
1.	डा0 इन्दिरा हृयदेश श्री प्रीतम सिंह	प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ दिया जाएः-

किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल ने अपने भाषण में निम्नलिखित का कोई उल्लेख नहीं किया है :-

1. उत्तराखण्ड की राजधानी के सम्बन्ध में सरकार द्वारा कोई स्पष्ट घोषणा किये जाने,
2. आपदा के दौरान जो क्षेत्र बर्बाद हुए थे एवं गाँव खाली हो चुके हैं उनके पुनर्वास के सम्बन्ध में कोई ठोस नीति बनाये जाने,
3. नदियों की सफाई, तटों का सौन्दर्यीकरण तथा नदियों के समस्त क्षेत्रों को पर्यटन के रूप में विकसित किये जाने के सम्बन्ध में कोई नीति बनाये जाने,
4. पलायन रोकने के लिए पर्वतीय ग्रामीण क्षेत्रों में कुटीर उद्योग, लघु उद्योग स्थापित करने के सम्बन्ध में कोई ठोस योजना बनाये जाने,
5. प्रधानमंत्री जी द्वारा प्रतिवर्श दो करोड़ युवाओं को रोजगार देने का वादा पूरा किये जाने के सम्बन्ध में कोई नीतिगत निर्णय लिये जाने,
6. किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिये जाने के सम्बन्ध में कोई नीति निर्धारित किये जाने,
7. सरकार द्वारा किसानों की उपज के मूल्य को डेढ़ गुना बढ़ाये जाने,
8. जो जल स्रोत सूख चुके है उनको रिचार्ज करने के लिए कोई ठोस कदम उठाये जाने,
9. पत्रकारों को आवासीय सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में कोई ठोस नीति निर्धारित किये जाने,
10. गरीबों के लिए निःशुल्क चिकित्सा व्यवस्था के सम्बन्ध में कोई ठोस कदम उठाये जाने,
11. पूर्ववर्ती सरकार द्वारा द्वारा रियायती दरों पर चलाई गई हैली सेवाओं को जारी रखे जाने,
12. पर्वतीय क्षेत्रों के बीमार लोगों को हैली सेवा का लाभ दिये जाने के सम्बन्ध में कोई ठोस नीति बनाये जाने,
13. समय सीमा के अंदर गन्ना किसानों को घोषित मूल्य का भुगतान किये जाने,

14. सितारगंज चीनी मिल बंद होने के फलस्वरूप कर्मचारियों के वेतन आदि के सम्बन्ध में स्पष्ट नीति बनाये जाने,
15. चारों धामों की यात्रा को रोपवे से जोड़ने,
16. ऐतिहासिक अर्न्तराष्ट्रीय जौलीजीवी मेले को राष्ट्रीय स्तर का मेला घोषित करने,
17. उत्तराखण्ड के पहाड़ी किसानों की खेती जैसे हल्दी, मिर्च, कीनू, अखरोट, माल्टा, अनारदाना, नींबू, गहत, सेब, मढुआ, झिंगोरा आदि पहाड़ी फसलों का समर्थन मूल्य दिया जाने,
18. चीनी उद्योग का आधुनिकीकरण किये जाने,
19. ओलावृष्टि एवं अन्य दैवीय आपदाओं से किसानों की खराब फसल का मुआवजा दिये जाने,
20. किसानों को सही समय पर उर्वरक एवं कीटनाषक उपलब्ध कराये जाने,
21. महिलाओं की सुरक्षा, आवागमन भय मुक्त हो इस सम्बन्ध में कोई नीति घोषित करने,
22. व्यापारियों द्वारा नोटबंदी और जी0एस0टी0 की वजह से की जाने वाली आत्महत्या के सम्बन्ध में कोई समाधान निकाले जाने।

2. काजी मौ0 निजामुद्दीन — प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ दिया जाएः-
किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल ने अपने भाषण में निम्नलिखित का कोई उल्लेख नहीं किया

1. प्रदेश में बेरोजगार युवाओं के लिए समयबद्ध एवं योजनाबद्ध तरीके से रोजगार सुनिश्चित किये जाने,
2. प्रदेश में सरकारी नौकरी में एस0सी0/ एस0टी0 आरक्षण का बैकलाग समयवद्ध तरीके से पूर्ण करने,
3. प्रदेश में रोजगार कार्यालयों को कैरियर केन्द्र के रुप में परिवर्तन करने,
4. प्रदेश में अल्पसंख्यक, शैक्षणिक व्यवस्था और संस्थानों को सशक्त एवं आधुनिक करने,
5. प्रदेश में आर्थिक रुप से कमजोर युवाओं के कौशल विकास व उनको व्यवसाय को अधिक कुशल अवसर प्रदान करने के लिए नई योजनाएं बनाने,
6. प्रदेश भर के गांवों के विकास के लिए ग्रामीण हाट का जाल बिछाना और गांवों में शहरों जैसी सुविधाएं मुहैया कराने,
